भारत सरकार
रेल मंत्रालय

लोक सभा
07.02.2024 के
तारांकित प्रश्न सं. 73 का उत्तर

पुरानी पेंशन योजना को बहाल करना

***73. श्री ए. राजा:**
श्री ए. गणेशमूर्ति:

क्या रेल मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) क्या कुछ रेल मजदूर संघों ने हाल ही में रेलवे के धीरे- धीरे निजीकरण के कथित कदम के विरुद्ध और इसके कर्मचारियों हेतु पुरानी पेंशन योजना बहाल करने के लिए अनशन करके अपना विरोध प्रदर्शन किया है;

(ख) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है; और

(ग) सरकार द्वारा रेल कर्मचारियों की पुरानी पेंशन योजना को बहाल करने और मौजूदा रेलगाड़ियों अथवा भविष्य में शुरू की जाने वाली रेलगाड़ियों के परिचालन का निजीकरण न किए जाने का आश्वासन देने के लिए क्या कदम उठाए गए हैं?

उत्तर

रेल, संचार एवं इलेक्ट्रॉनिकी और सूचना प्रौद्योगिकी मंत्री

(श्री अश्विनी वैष्णव)

(क) से (ग): विवरण सभा पटल पर रख दिया गया है।

****

पुरानी पेंशन योजना को बहाल करने के संबंध में दिनांक 07.02.2024 को लोक सभा में श्री ए. राजा और श्री ए. गणेशमूर्ति के तारांकित प्रश्न सं. 73 के भाग (क) से (ग) के उत्तर से संबंधित विवरण।

(क) से (ग): रेलवे, भारत सरकार के मंत्रालय के रूप में कार्य कर रही है। रेलवे के परिचालनों के निजीकरण का कोई प्रस्ताव नहीं है। वेतन, परिलब्धियों, पेंशन, छुट्टी, सेवानिवृत्ति आदि से संबंधित सभी मामले समय-समय पर विभिन्न नीतियों द्वारा शासित होते हैं।

*****